कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख), जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

//आदेश//

क्र./ 63 /अ.भू.अ./2026 सारंगढ़, दिनॉक 02/07/2026

एतद् द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा0) सारंगढ के ज्ञापन कमांक/GENS-12/1061/2026-O/O SDM SARANGARH सारंगढ़,दिनांक 11.06.2026 द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, पटवारी प.ह.नं. 16 तहसील–सरिया के द्वारा उच्च अधिकारियों के द्वारा नक्शा बटांकन हेतु प्रदत्त लक्ष्य अनुसार दिनांक 23.04.2026 से दिनांक 26.04.2026 तक कोई नक्शा बटांकन नहीं किया गया। हल्का पटवारी के उदासीनता एवं निष्क्रियता के कारण तहसील सरिया की प्रगति लगातार प्रभावित हो रही है एवं अपेक्षा अनुरूप प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। श्री राजपूत विभागीय कार्यो के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहते हैं।

ग्राम पुजेरीपाली में आयोजित सुशासन तिहार शिविर दिनांक 20.05.2026 को श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत के विरूद्ध शिकायत आवेदन प्राप्त हुआ कि हल्का पटवारी अपने हल्के में नहीं रहते एवं न फोन रिसीव करते हैं, जिससे आम जनमानस के कार्य प्रभावित होते हैं। विभिन्न विभागीय कार्यो के संबंध में तहसीलदार सरिया द्वारा कार्यालयीन ज्ञापन कमांक 499 दिनांक 12.12.2025, 537 दिनांक 02.01.2026, 604 दिनांक 12.02.2026, 628 दिनांक 20.02.2026 द्वारा कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। श्री राजपूत द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है तथा उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना लगातार की जा रही है, प्रतिवेदित है।

श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, पटवारी का उक्त कृत्य छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के प्रतिकूल होने के कारण कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, पटवारी तहसील–सरिया को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम–9 में विहित प्रावधानों के तहत एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय बरमकेला नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

Digitally signed by
PADMINI BHOI SAHU
Date: 01-07-2026
21:50:02
कलेक्टर
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ0ग0)

पृ.क्र/ 387 /भू.अ.शा./2026 सारंगढ़, दिनॉक 02/07/2026

प्रतिलिपिः–

1. सचिव छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. आयुक्त, भू–अभिलेख छ0ग0 रायपुर, इन्द्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लॉक नं.–2, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सारंगढ को सूचनार्थ एवं लेख है कि निलंबित हल्का पटवारी का संपूर्ण प्रभार तत्काल समीपस्थ अन्य पटवारी को देकर इस कार्यालय को सूचित करें।
5. तहसीलदार बरमकेला/सरिया को सूचनार्थ।
6. जिला कोषालय अधिकारी सारंगढ़ को सूचनार्थ।
7. संबंधित श्री विरेन्द्र सिंह राजपूत को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ0ग0)